
# अरब देशों से भारत के गहरे संबंध

## जीसीसी देशों के साथ व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती : जयशंकर

**नयी दिल्ली, 09 सितंबर विदेश मंत्री एस. जयशंकर सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचे हैं. वे गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल की मीटिंग में शामिल होने पहुंचे हैं. उन्होंने अपने इस दौरे को लेकर एक्स पर लिखा, पहली भारत-खाड़ी सहयोग परिषद विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के सऊदी अरब के रियाद आया हूं. साथ ही उन्होंने प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुल मजीद अल स्मारी का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद किया.**



विदेश मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस रिलीज में जानकारी दी गई है कि इस यात्रा में विदेश मंत्री गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल मेंबर्स के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे. जीसीसी एक क्षेत्रीय संगठन है, जिसके अंदर अरब क्षेत्र के 6 देश हैं. ये संगठन भारत के खास व्यापारिक साझेदार के तौर पर उभरा है. भारत के जीसीसी के साथ राजनीतिक, व्यापारिक, ऊर्जा सहयोग जैसे क्षेत्रों में जीसीसी देशों के अच्छे रिश्ते हैं.

### भारत के लिए क्यों अहम?

जीसीसी एक क्षेत्रीय संगठन है, जिसके अंदर अरब क्षेत्र के 6 देश हैं. जिसमें सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात ,बहरीन, कतर और ओमान शामिल हैं. इसकी स्थापना 1981 में हुई थी और इसका हेडक्वार्टर सऊदी अरब की राजधानी रियाद में स्थित है .गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल के चार्टर में संगठन को एक राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रीय संगठन बताया गया है. इस संगठन का काम सभी क्षेत्रों में जीसीसी मेंबर देशों के बीच इंटीग्रेशन, को-ऑर्डिनेशन और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है. जीसीसी सदस्य देशों के बीच व्यापार, सुरक्षा, पर्यटन, प्रशासन, वैज्ञानिक और तकनीकी जैसे क्षेत्रों में समान नियम बनाने और आपली सहयोग को बढ़ावा देता है.

## गूगल की विज्ञापन तकनीक पर नया मुकदमा

**एलेक्जेंड्रिया, 09 सितंबर** गूगल के सर्च इंजन को एक न्यायाधीश द्वारा अवैध एकाधिकार वाला बताए जाने के करीब एक महीने बाद प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी को उसकी विज्ञापन तकनीक को लेकर एक और मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है. न्याय विभाग और राज्यों का तर्क है कि गूगल ने ऑनलाइन प्रकाशकों को विज्ञापनदाताओं से मिलाने वाली तकनीक पर एकाधिकार बनाया है. सरकार ने अदालती दस्तावेजों में तर्क दिया है कि लेन-देन के खरीद और बिक्री दोनों पक्षों को लेकर सॉफ्टवेयर पर प्रभुत्व रखने से गूगल को प्रकाशकों और विज्ञापनदाताओं के बीच बिक्री के लिए दलाली करने पर एक डॉलर पर 36 सेंट तक अर्जित करने में मदद मिलती है.

# नीतीश कुमार ने 534 एमवीटीयू कीं शुरू

## मुफ्त दवाओं के साथ पशुओं को मिलेगा इलाज


**पटना, 09 सितंबर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को दूरदराज के गांवों में पालतू जानवरों की देखभाल और ग्रामीण परिवारों की मदद के लिए मोबाइल पशु चिकित्सा उपचार इकाई और एक समर्पित कॉल सेंटर का उद्घाटन किया.**




बिहार के मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, साथ ही बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और राज्य के पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री रेणु देवी सहित कई नेताओं ने अपने आवास से 534 एमवीटीयू का शुभारंभ किया. इसके अलावा, नीतीश कुमार सरकार ने एक कॉल सेंटर स्थापित किया है जो 24/7 संचालित होगा, जिससे किसान जब भी जरूरत हो अपने जानवरों के लिए सहायता मांग सकेंगे. मोबाइल पशु चिकित्सा उपचार इकाइयों (एमवीटीयू) का हिस्सा हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए वाहनों को विभिन्न जिलों में तैनात किया जाएगा. ये इकाइयां जिलों के भीतर ब्लॉक और उपखंडों में तैनात होंगी और पटना में स्थापित कॉल सेंटर से प्राप्त कॉल का जवाब देंगी.

प्रत्येक एमवीटीयू नवीनतम पशु चिकित्सा उपचार मशीनरी से सुसज्जित है और इसमें एक पशु चिकित्सक, दो प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और एक ड्राइवर है. इन मोबाइल इकाइयों को मौके पर पशु चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है.

# भारतीय वायुसेना और जीएसवी का समझौता



**नयी दिल्ली 09 सितम्बर ( वार्ता ) सेना और वायु सेना के कर्मियों के कौशल और क्षमता को बढ़ाने के लिए सोमवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में गति शक्ति विश्वविद्यालय, वडोदरा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये.**

समझौता ज्ञापन दोनों सेनाओं को लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में उच्च विशेषज्ञता हासिल करने में सक्षम बनाएगा. यह लॉजिस्टिक्स संचालन के विभिन्न पहलुओं पर आन्तरिक विशेषज्ञता का विकास सुनिश्चित करेगा और राष्ट्रीय विकास योजनाओं - पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 तथा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति 2022 में प्रभावी ढंग से योगदान देगा. रक्षा मंत्री ने इस सहयोग को सशस्त्र बलों की लॉजिस्टिक्स प्रणाली को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साझेदारी के रूप में वर्णित किया.




## वुलिन ब्रिक्स प्लस बैठक में शामिल होंगे

**बेलग्रेड, 09 सितंबर ( वार्ता )** सर्बिया के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर वुलिन सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स प्लस प्रारूप में उच्च सुरक्षा प्रतिनिधियों की बैठक में भाग लेंगे. वुलिन की प्रेस सेवा ने यह जानकारी दी. प्रेस सेवा के बयान में कहा गया, उपप्रधानमंत्री रूसी सुरक्षा परिषद द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करेंगे और कार्यक्रम से इतर ब्रिक्स सदस्य देशों और मंच के अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे.

# बेटियों की उच्च शिक्षा में बदलाव

## नंदा गौरा योजना के तहत धामी सरकार देगी हर साल धनराशि

**देहरादून, 09 सितंबर नंदा गौरा योजना के तहत बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए सरकार हर साल कुछ धनराशि देगी. इसके लिए नंदा गौरा योजना में बदलाव किया जाएगा. मुख्यमंत्री धामी ने विभागीय अधिकारियों को इसके लिए एक महीने के भीतर विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं.**

प्रदेश की दो देवियों नंदा और गौरा के नाम पर शुरू की गई नंदा गौरा योजना के तहत वर्तमान में सरकार बेटियों के जन्म पर 11,000 रुपये और उसके 12वीं पास करने पर 51,000 रुपये की धनराशि देती है, लेकिन सरकार अब इस योजना में बदलाव करने जा रही है. प्रदेश के हर जिले में कामकाजी महिला छात्रावास का निर्माण किया जाएगा, जिसे पीपीपी मोड में संचालित करने का प्रस्ताव है. मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में भूमि की उपलब्धता और इसे पीपीपी मोड में चलाने के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं.



### उच्च शिक्षा में बढ़ेगा प्रतिभाग

सरकार की मंशा है कि इस योजना को सुकन्या समृद्धि योजना से जोड़ते हुए हर साल पात्र बेटियों के खाते में कुछ धनराशि दी जाए. जो 10,000 या इससे अधिक हो सकती है. बेटियों को उच्च शिक्षा में प्रेरित करने के लिए यह धनराशि दी जाएगी, जिससे उनका उच्च शिक्षा में प्रतिभाग बढ़ेगा. वहीं, हर साल दी जाने वाली इस धनराशि से बेटियों को उच्च शिक्षा के खर्च को वहन करने में सहायता मिलेगी.

# यूपी पुलिस पर प्रियंका का हमला

**रायबरेली में निर्दोष को लूट का आरोपी बनाया**

**निर्दोष को सजा, अपराधी को छूट**



**लखनऊ, 09 सितंबर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रायबरेली जिले में रूपयों से भरा बैग पुलिस को देने गये एक युवक को ही लूट का आरोपी बनाकर जेल भेजने के मामले पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि निर्दोष को प्रताड़ना और अपराधी को अभयदान उत्तर प्रदेश में प्रशासन का मूलमंत्र बन गया है. प्रियंका ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर की गयी टिप्पणी में कहा, यूपी पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था खिलवाड़ बन चुकी है.**

रायबरेली में एक जनसुविधा केंद्र संचालक रवि चौरसिया के साथ आठ लाख रूपये की लूट हो गई. उनका रूपयों से भरा बैग बदमाश छीनकर भाग गए. रास्ते में किसी कारण से बदमाश बैग को सड़क किनारे छोड़ गए. वह बैग दीपू नाम के व्यापारी को मिला. दीपू कुछ लोगों को साथ लेकर बैग थाने में जमा कराने गए तो पुलिस ने उन्हें ही जेल भेज दिया. उन्होंने घटना का विवरण साझा करते हुए कहा, इस बात पर व्यापारी विरोध में उतर आए. विरोध को देखते हुए दूसरे थाने को जांच सौंपी गई. जांच में पाया गया कि दीपू ने अच्छे नागरिक का फर्ज अदा किया लेकिन पुलिस ने उन्हें ही आरोपी बना दिया. इस आधार पर अदालत ने दीपू को जमानत दे दी. निर्दोष को प्रताड़ना और अपराधी को अभयदान- यूपी में प्रशासन का यही मूलमंत्र बन गया है.

> रायबरेली जिले के गदागंज थाना क्षेत्र के एक युवक को रास्ते में रूपयों से भरा बैग मिला जो उसने प्रधान प्रतिनिधि के साथ जाकर पुलिस को सौंप दिया लेकिन पुलिस ने उसे ही लूट का आरोपी बनाकर जेल भेज दिया. बाद में जब मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू किया तो शनिवार को युवक को रिहा किया. जेल से छूटने के बाद गौरव उर्फ दीपू ने संवाददाताओं को बताया कि वह पानी लेने जा रहा था, तभी रास्ते में उसे एक बैग पड़ा मिला. वह प्रधान प्रतिनिधि के साथ बैग लेकर थाने पहुंचा और जमा कराया तो पुलिस ने उसे थाने में बैठा लिया. उसने बताया कि रात में पुलिसकर्मी उसे जंगल में ले गये और उसके हाथ में बैग पकड़ाकर वीडियो बनाया और उसके बाद दूसरे रास्ते से वापस ले आये. बाद में उसे ही लूट का अभियुक्त बना दिया. आरोपी बनाए गए युवक की मां सुनीता ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से भी की थी.

# खेल और सुरक्षा को सीएम योगी का समर्थन

## 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग कलस्टर का शुभारंभ

**लखनऊ, 09 सितंबर प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को महत्व दिया गया है. भारतीय ऋषि इस बात का उद्घोष करता है कि 'शरीरमाद्यम् खलु धर्म साधनम्' यानी धर्म के जितने भी साधन हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही संभव हैं.**

स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन, प्राणायाम आदि क्रियाएं अत्यंत महत्वपूर्ण है. स्वस्थ शरीर ही समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को भी साकार कर सकता है. उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं. उन्होंने 73 वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया. सीएम योगी ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का अभिनंदन किया. सीएम योगी ने कहा कि 2014 में पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना के लिए जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे, उनमें खेल खेलकूद की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण हैं.

### हमें रचनात्मक कार्यों के साथ भी जुड़ना होगा



सीएम ने पुलिस बल के उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा रहा हो या विभिन्न प्रदेशों में कानून व्यवस्था, सुरक्षा का बेहतरीन माहौल बनाने का मुद्दा. पुलिस अपने इन उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास करती है, लेकिन इन सभी के बावजूद अन्य ऐसी गतिविधियां जो समाज को जोड़ती हो, एक दूसरे के मन में विश्वास पैदा करती हो, उन आयोजनों के साथ जुड़ना उतना ही रचनात्मक है और इसीलिए केवल पुलिसिंग ही नहीं, बल्कि हमें अन्य रचनात्मक कार्यों के साथ भी जुड़ना होगा.



## कुवैत के तेल मंत्री इमाद अतीकी बर्खास्त

**दोहा, 9 सितंबर.** कुवैत के अमीर (बादशाह) मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने उप प्रधानमंत्री एवं तेल मंत्री इमाद अतीकी को बर्खास्त कर दिया है. अमीर के आदेश का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी. रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अन्य आदेश के माध्यम से अमीर ने वित्त मंत्री एवं आर्थिक मामलों की मंत्री नूरा फासम को उनके मौजूदा कर्तव्यों के अलावा कार्यवाहक तेल मंत्री के रूप में नियुक्त किया.

# 10 लाख लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य : साय

**रायपुर, 09 सितंबर छत्तीसगढ़ में एक वर्ष के भीतर एक लाख साक्षरता केंद्र खोले जाएंगे. इससे असाक्षर लोगों को साक्षर किया जा सकेगा. 10 लाख लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है. इसकी घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की.**



अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित उल्लास मेले में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि निरक्षर होने पर लोगों का जीवन कठिन हो जाता है. उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के मंत्री का नाम लिए बगैर हमला बोला और कहा कि पिछली सरकार के एक मंत्री ने कोरवा परिवार के संयुक्त खाते की 25 एकड़ जमीन धोखाधड़ी करके पंजीकृत करा ली थी. साय ने कहा, हमको अपने प्रदेश को विकसित रूप में खड़ा करना है. शिक्षा विकास का मूलमंत्र है. सीएम साय ने युवाओं को नसीहत दी और कहा कि शिक्षा में डिग्री प्राप्त कर के सिर्फ सरकारी नौकरी पाना मकसद नहीं है.


## एक नजर में

### मस्क बन सकते हैं विश्व के पहले ट्रिलियनेयर



**वाशिंगटन.** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन (10 खरब) से अधिक की संपत्ति अर्जित कर विश्व के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं. ब्रिटेन के अखबार 'द गार्डियन' ने इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी के एक पेपर का हवाले से यह जानकारी दी है. इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी अमीर लोगों की वित्तीय स्थिति पर नजर रखने वाली कंपनी है. गौरतलब है कि मस्क की संपत्ति सालाना औसतन 110 प्रतिशत बढ़ रही है, जिसके आधार पर यह पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है.

### पुतिन नवनिर्वाचित गवर्नरों से मिलेंगे



**मॉस्को.** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परंपरागत रूप से रूसी क्षेत्रों में चुनाव के बाद निर्वाचित गवर्नरों के साथ बैठक करेंगे. इसकी तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने यह जानकारी दी. पेस्कोव ने कहा, यह परंपरागत रूप से होता है और इस बार भी ऐसा होगा. हम घोषणा करेंगे कि कब होगा.

### मस्याफ में सैन्य ठिकानों पर हवाई हमला

**दमिश्क.** सीरिया के मध्य शहर मस्याफ में कई सैन्य ठिकानों पर किये गये इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई और 34 अन्य घायल हो गये. इससे पहले दिन में सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने उत्तर-पश्चिमी लेबनान से मध्य सीरिया में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया, साथ ही वायु रक्षा बलों ने कई मिसाइलों को मार गिराया. मस्याफ स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सक फैसल हैदर ने सोमवार को स्पूतनिक से कहा हामा प्रांत में रविवार रात को हुए इजरायली हमले में अब तक 15 लोग मारे गए और 34 घायल हो गये.

### मोरक्को में बाढ़ से 11 की मौत

**रबात.** मोरक्को में मूसलाधार वर्षा होने से अचानक आई बाढ़ के कारण 11 लोग मारे गए हैं और नौ अन्य लापता हैं. गृह मंत्रालय के प्रवक्ता रशीद एल खल्फी ने रविवार को रबात में संवाददाताओं को बताया कि देश के दक्षिणी क्षेत्र में जारी भारी बारिश से आई बाढ़ में टाटा प्रांत में सात और एरराचिडिया तथा तिजनीत प्रांतों में चार लोगों को मिलाकर कुल 11 लोगों की मौत हो चुकी है. इनमें एक विदेशी नागरिक भी शामिल है. उन्होंने बताया कि इस भारी बारिश में टाटा, एरराचिडिया और तारोउदंत प्रांतों के नौ लोग लापता हो गये हैं.

# उपराष्ट्रपति हैरिस के समर्थन में बॉलीवुड संगीत वीडियो जारी

**वॉशिंगटन, 09 सितंबर अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं. ऐसे में, रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से चुनावी मैदान में कमला हैरिस हैं. दोनों का समर्थन करने वाले लगातार सामने आ रहे हैं. लोग अपना समर्थन देने के लिए नए-नए पैंतरे आजमा रहे हैं.**



अब उपराष्ट्रपति के समर्थन में दक्षिण एशियाई लोगों को जुटाने के लिए एक म्यूजिक वीडियो जारी किया है. भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन अजय जैन भूटोरिया ने बॉलीवुड संगीत का इस्तेमाल करने का दिमाग लगाया है. नाचो नाचो गाना बॉलीवुड गायिका शिबानी कश्यप ने गाया. इसका निर्माण रितेश पारीख और उनकी रचनात्मक टीम ने किया. बता दें, भूटोरिया अमेरिका की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए सबसे ज्यादा दान इकट्ठा करने वाले लोगों में शामिल हैं. साल 2020 में बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव में भी अहम भूमिका निभाई थी.

## आज का इतिहास

1976 : इंडियन एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान का लाहौर से अपहरण हुआ था.

1996 : संयुक्त राष्ट्र आम सभा में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि 3 के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों द्वारा संधि का विरोध.

1926 : जर्मनी ने लीग ऑफ नेशंस की सदस्यता ली थी.

2002 : यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना था.

2003 : विश्व व्यापार संगठन की पांचवी मंत्रिस्तरीय बैठक कानकुन में प्रारम्भ हुई थी.

# केंद्रीय वित्त मंत्री को भेजा अनुरोध पत्र

## पंजाब सरकार ने केंद्रीय वित्तमंत्री से मांगी 10,000 करोड़ की उधारी

**पंजाब, 09 सितंबर अपने खर्चों को पूरा करने के लिए नकदी की कमी से जूझ रही पंजाब सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त उधारी सीमा मांगी है.**

राज्य सरकार ने कथित तौर पर इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री को एक पत्र भेजा है, जिसमें इस वर्ष के लिए अतिरिक्त उधारी सीमा की मांग की गई है, जो स्वीकृत उधारी सीमा 30,464.92 करोड़ रुपये से अधिक है, जिसमें से जुलाई तक 13,094.34 करोड़ रुपये पहले ही जुटाए जा चुके हैं. राज्य सरकार ने कथित तौर पर दावा किया है कि उसे पिछली सरकारों से विरासत में कर्ज मिला है, जिसे उसे चुकाना है.



इस वर्ष सरकार को 69,867 करोड़ रुपये चुकाने हैं और 7 अपनी प्राप्तियों में से 23,900 करोड़ रुपये का इस्तेमाल केवल ऋणों पर ब्याज चुकाने के लिए किया जाना है. हालांकि पिछले कुछ वर्षों में राजस्व प्राप्तियां बढ़ रही हैं, लेकिन खर्च बहुत तेजी से बढ़ा है.

> पिछले साल केंद्र ने पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड के घाटे को कम करने में विफल रहने के कारण राज्य की उधार सीमा में कटौती की थी, जबकि उदय योजना (2,387 करोड़ रुपये) और पूंजी सहायता अनुदान (1,807 करोड़ रुपये) में कटौती की गई थी. इसके अलावा केंद्र द्वारा 8,500 करोड़ रुपये का बकाया है. सितंबर में, राज्य अगस्त महीने का वेतन देय होने के चार दिन बाद ही जारी कर सका था.

**बहस** — बिडेन पर निशाना साधने के बाद अब ट्रम्प की जांच

# ट्रम्प की मानसिक तीक्ष्णता पर उठे सवाल

**अमेरिका, 9 सितंबर. अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी जो बिडेन को उनकी बढ़ती उम्र और मानसिक तीक्ष्णता के लिए निशाना बनाने के महीनों बाद, डोनाल्ड ट्रम्प अब अपनी मानसिक तीक्ष्णता के लिए इसी तरह की जांच के दायरे में हैं.**



ट्रम्पनेशन-द आर्ट ऑफ़ बीइंग द डोनाल्ड के लेखक टिमोथी ओ ब्रायन के अनुसार, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के सार्वजनिक भाषण देने का तरीका, गलतियाँ और संदर्भ से हटकर संदर्भ अब जांच का विषय हैं. द गार्जियन के साथ एक साक्षात्कार में, डोनाल्ड ट्रम्प के जीवनी लेखक ने रेखांकित किया कि अरबपति राजनेता से उनके सार्वजनिक भाषणों में उनकी बार-बार की गई गलतियों और असामान्य संदर्भों के बारे में पूछताछ की गई है. सार्वजनिक रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के भाषण पैटर्न में क्रमिक परिवर्तन को उजागर करते हुए, ओ ब्रायन ने कहा कि 78 वर्षीय व्यक्ति अत्यधिक जागरूक है कि लोगों ने सार्वजनिक मंचों पर उनकी गलतियों को देखा है. उन्होंने यह भी कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प की हरकतें अब किसी ऐसे व्यक्ति का प्रतिबिंब हैं जो बहुत परेशान और बहुत हताश है क्योंकि वह अपनी विचित्र टिप्पणियों के लिए जटिल स्पष्टीकरण देने की कोशिश करता है.

ओ ब्रायन ने द गार्जियन को बताया, अब वह अपने भाषण पैटर्न के बारे में ये जटिल व्याख्याएँ इसलिए दे रहे हैं क्योंकि उन्हें इस बात का बहुत ज़्यादा अहसास है कि लोगों ने पाया है कि वह पहले से भी कम समझदारी से बात कर रहे हैं. अब हम जो देख रहे हैं, वह किसी ऐसे व्यक्ति का प्रतिबिंब है जो बहुत परेशान और हताश है. जीवनी लेखक का मानना है कि ट्रम्प अपने भाषण पैटर्न में आए बदलावों को जटिल व्याख्याओं से छिपाने की कोशिश कर रहे हैं. पिछले कुछ हफ्तों में ट्रम्प ने हैनिबल लेक्टर, अस्पष्ट शब्दों और अधूरे विचारों का बार-बार ज़िक्र करके अपनी संज्ञानात्मक क्षमता के बारे में लोगों को

### ट्रम्प भाषण की ग़लतियों को अपनी ताकत मानते हैं

> डेमागॉग फॉर प्रेसिडेंट द रेटोरिकल जीनियस ऑफ़ डोनाल्ड ट्रम्प की लेखिका जेनिफर मर्सीका की राय अलग है. उनका मानना है कि ट्रम्प अपनी भटकाव और भाषण की ग़लतियों को अपनी ताकत मानते हैं, और सार्वजनिक रूप से अपने सलाहकारों को नीचा दिखाते हैं जो उन्हें इनसे बचने की सलाह देते हैं. वह खुद को बिना किसी स्क्रिप्ट के, टेलीप्रॉम्प्ट के नहीं, और एक स्वतंत्र बातचीत करने वाले व्यक्ति के रूप में देखता है. वह भीड़ से प्रेरणा लेना चाहता है. इसका एक और पहलू यह है कि उसका मस्तिष्क अच्छी तरह से अनुशासित नहीं है और यह भी हो सकता है कि वह किसी विचार को बनाए रखने और उसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने में असमर्थ है, द गार्जियन ने मर्सीका के हवाले से कहा.